तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025


13 डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार : नागेंद्र वर्मा



14 दलितों को सम्मान व अधिकार दिलाने में...










## खबर संक्षेप

### कार चोरी का खुलासा, विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** सुरसाबांधा में कार चोरी की घटना को अंजाम देने वाले विधि से संघर्षरत बालक को गरियाबंद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई कार बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। मामले की शुरुआत 12 अप्रैल को हुई जब प्रार्थी डोमेन्द्र देवांगन, निवासी सुरसाबांधा, ने थाना राजिम में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कार आई.10, नंबर CG10 Y 3730 से दुर्ग गया था और रात 1 बजे घर लौटकर कार को घर के सामने खड़ा कर दिया। चाबी घर के अंदर खिड़की के पास रख दी और सो गए। अगली सुबह करीब 6 बजे जब उनकी पत्नी ने कार के बारे में पूछा तो बाहर जाकर देखा तो कार वहां नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना राजिम एवं स्पेशल टीम को सक्रिय किया गया। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक विधि से संघर्षरत बालक उक्त कार में घूमते देखा गया है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बालक को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी बालक ने कार चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने वाहन को बरामद कर आरोपी को विधिसम्मत न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### कारीगर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**राजिम।** हुनर को शिखर तक पहुंचाने वाली कारीगर टीम द्वारा प्रतिभाओं को 15 अप्रैल को शहर के प्रेम रतन पैलेस में सम्मानित किया जाएगा। हुनरमंदों को यह सम्मान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कौशल्या देवी साय, विशिष्ट अतिथि विधायकद्वय रोहित साहू, इंद्रकुमार साहू एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रश्मि शर्मा द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की आयोजक एवं कारीगर टीम की संस्थापक सोमा शर्मा ने बताया कि विगत 6 वर्षों शेष पेज 12 पर



- मुख्यमंत्री की पत्नी करेंगी प्रतिभाओं को सम्मानित

### 5 हजार 280 लाख रुपए की लागत से आवास निर्माण कार्य तेज गति से जारी

# 2640 पीएम आवास में 1050 पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

**अलग खबर**

विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है जिसके चलते इन दिनों कमार जनजाति ग्रामों में तेजी से पक्का मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिले में 2640 कमार परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपए आवास निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है और तो और 1050 मकान का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, बाकी आवास निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जो एक बहुत बड़ी उपलब्धी हैं। पीएम जनमन योजना के तहत पक्का प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रथम एवं द्वितीय किश्त की राशि परिवार वालों के खातें में जारी भी किया जा चुका है। अब तक के कमार जनजातियां के विकास के लिए यह सबसे बड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं में है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के सबसे अधिक संख्या जिले के मैनपुर, गरियाबंद, फिंगेश्वर और छुरा में निवास करते है कमार जनजाति के लोग घने जंगल और पहाड़ों के ऊपर निवास कर कंदमूल एवं पारंपरिक बांस बर्तन तथा जलाशयों तालाबों में मछली का शिकार कर जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। बहुत कम सीमित संसाधनों में जीविकोपार्जन करना इनकी दिनचर्या में शामिल है। आजादी के 76 साल बाद भी अधिकांश कमार परिवार पक्की आवास के अभाव में घासफूंस की झोपड़ी और पेड़ों के शेष पेज 12 पर

#### प्रधानमंत्री जनमन योजना से कमार जनजातियों को मिल रहा जीने का अधिकार



#### आवास निर्माण के लिए राशि जारी

मैनपुर ब्लॉक समन्वयक कपील नायक ने बताया मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे कुल कमार परिवार 1437 के आसपास है और अभी सर्वे किया जा रहा है उन्होने बताया 2017 से 2023 तक 479 कमार परिवारों का आवास निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और बांकी लोगों के आवास निर्माण कार्य के लिए राशि जारी हो चुकी है।

#### कमार जनजाति के जीवन में विकास की बही बयार

कमार जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलने से निश्चित रूप से उनकी जिन्दगी में विकास की झलक देखने को मिल रहा है, ग्राम तुहामेंटा के कमार जनजाति के हाजालाल ने बताया कि पहले वे कच्चे मकान में रहते थे बारिश के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पडता था प्रधानमंत्री आवास निर्माण के तहत उन्हे 02 लाख रुपए मिला है और उन्होने पक्का आवास निर्माण कर चुके है अब उनके परिवार बारिश व अन्य दिनों मे सुरक्षित महसूस करते है उन्होने इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है इसी प्रकार ग्राम बोईरगांव के रमुला ने बताया कि उन्हे प्रधानमंत्री आवास के लिए 02 लाख रूपये मिला है जिससे उन्होने पक्का आवास का निर्माण किया है, जिससे उनकी जिदंगी में खुशिया आई है। ग्राम मंदागमुड़ा के रामबाई ने बताया कि उनका पक्का मकान बनाने का सपना पुरा हुआ है। इसी कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंह सोरी, पिलेश्वर सोरी, राजमन सोरी, पनकूराम सोरी, रजनी बाई, सुमेर सिह, शांताबाई, धनमोतिन सोरी, रजनी बाई कमार, उर्मिला बाई कमार ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर सोच के चलते सैकड़ों कमार परिवारों को पक्का आवास के लिये प्रथम किश्त की राशि जारी हुआ है।



# चार दुर्घटनाओं में 6 घायल, 4 रिफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों सड़क दुर्घटना तेजी से बढ रही है, पिछले 24 घंटे के भीतर चार स्थानों पर लोग दुर्घटना के शिकार हुए जिसमें 06 लोग घायल हुए 04 लोग गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गए। रविवार दोपहर को दो युवक देवझरअमली जा रहे थे कि नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में कोदोमाली के पास पिकअप ने जबरदस्त टक्कर मारकर भाग गया जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक के आंख और सिर में गंभीर चोट लगा है तो दूसरे युवक का पैर टूट गया, जिसे प्राईवट वाहन किराया कर जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। वहीं सोमवार सुबह जिड़ार मार्ग में एक स्कूटी और मोटर सायकल में जबरदस्त टक्कर हो गया जिसमें एक महिला एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया, मैनपुर शेष पेज 12 पर



# आदिवासियों से है छत्तीसगढ़ की पहचान : डॉ. दिलीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ब्लाक के अंतर्गत जामगांव परिक्षेत्र आदिवासी ध्रुव (गोड) समाज का वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम ग्राम पसौद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे विधिवत समाज के ईष्ट देव बड़ा देव का पूजन पश्चात अतिथि स्वागत उद्बोधन,आय-व्यय इत्यादि पर चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप डॉ दिलीप साहू सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर उपस्थित थे।समाज को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में डा दिलीप साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को पहचान दिलाने वाला कोई समाज है तो वह है आदिवासी समाज। छत्तीसगढ़ राज्य को आदिवासियों के नाम से जाना जाता है। इस तरह के सम्मेलन से समाज में एकता भाई चारा और प्रगति, उन्नति का मूल मंत्र प्राप्त होता है। उपस्थित युवा साथियों से अपील करते कहा कि समाज मे नशा पान का त्याग कर शिक्षा में जोर दे। शासन प्रशासन आदिवासियों के विकास के साथ है। उक्त अवसर पर जामगाँव परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी गण व ग्राम सिर्री कला के सरपंच कोमन सिंह ध्रुव, लचकेरा सरपंच अरुण कुमार ध्रुव, बाबूलाल नेताम, डॉ. सूपेत कुंजे, उत्तम ध्रुव, सुसेन सिंह ध्रुव, उमेद ध्रुव, दिलीप ध्रुव, सुरेखा ध्रुव, सावित्री ध्रुव इत्यादि उपस्थित थे।

### विधायक ने वार्ड के विभिन्न कार्यो के लिए 30 लाख देने की घोषणा की

# सबका साथ, सबका विकास पहली प्राथमिकता : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गोकुल नगर में राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन में कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू शामिल होकर भगवान राम के जीवन को आत्मसात करने की बाते कहीं। वहीं पर वार्डवासियों एवं पार्षद जगदीश यदु की मांग पर अनेक विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए देने की घोषणा की। जिनमें 10 लाख रुपए प्राथमिक शाला लालपुर के लिए आहता निर्माण, 10 लाख दुर्गा रंग मंच और टीन शेड निर्माण, 10 लाख निषाद समाज के लिए फेवर ब्लॉक, टीन शेड निर्माण के लिए कुल 30 लाख रूपये देने की घोषणा की। गोकुल नगर लालपुर के ऐतिहासिक मंच पर आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन पहुंचे विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। रामायण हमें मर्यादा में रहकर जीना सिखाता है। आज गांव-गांव में श्रीराम कथा की गंगा बह रही हैं। ऐसे आयोजनों से गांव में सुख-शांति में बढ़ोतरी होती हैं। सबका साथ सबका विकास ही हमारा ध्येय है। राज्य में विष्णु देव की सरकार है जिसके सानिध्य में अनेक योजनाओं को संचालित किया जा रहा है जिसका फायदा गांव के अंतिम छोर तक लोगों तक पहुंच रहा है।जैसे महतारी वंदन योजना है ऐसे और भी अनेक योजनाएं संचालित हो रही है। मैं यहां कोई नेता बनकर नहीं बल्कि आपका बेटा बनकर आया हूं। आपकी जो मांग है उसे पूरा करना ही हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है।

#### गांव-गांव में राम कथा धूम

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से जगदीश यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद ने कहा कि आज हमारे वार्ड में दूर-दूर से रामायण मंडली आकर हम सभी को भक्ति एवं अध्यात्म के रंग में सराबोर कर रहे हैं। आज श्रीराम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव भी है। आज गांव-गांव में श्रीराम कथा का आयोजन किया रहा है ऐसे आयोजनों से गांव में सुख-शांति की बढ़ोतरी होती हैं। आज पूरे विश्व में भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में जाना जाता हैं। प्रभु श्रीराम ने सदैव मर्यादा में बंधकर प्रजा हित को ध्यान में रखकर काम किया। इस कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। श्रीराम चरित मानस में ऐसे बहुत से उदाहरण देखने को मिल जाएगा। इस अवसर पर राजू साहू, मनीष हरित, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू फिंगेश्वर के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, वार्डवासी उपस्थित थे।






# निस्तारी का ऐसा संकट...तालाब-एनीकट भरने 20 बांधों से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलसंकट से निपटने गांवों से मांग आने पर निस्तारी के लिए बांधों से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों इस संबंध में हुई बैठक में गर्मी के दौरान पेयजल की कमी से निपटने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांधों के पानी से तालाब भरने के निर्देश दिए थे। प्रदेश के बांधों में पानी उपलब्धता के अनुसार पिछले एक पखवाड़े में बांधों में 45.69 प्रतिशत जलभराव था, जो घटकर 36.36 प्रतिशत हो गया है। 20 बांधों से गांवों के तालाब और एनीकट में पानी भरने का प्रयास किया जा रहा है। कई बांधों में तेजी से पानी कम होता जा रहा है, सिंचाई विभाग पानी छोड़ने के साथ ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है।

प्रदेश में इस साल मार्च से ही गांवों में पानी की किल्लत हो रही है। यहां निस्तारी के लिए पानी का मांग उठने लगी है। वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार बांधों में 20 से 30 फीसदी जलभराव कम है। अधिकतर बड़े जलाशयों में बारिश में पर्याप्त जलभराव हुआ है, लेकिन अब मार्च के अंत तक आते-आते बांधों में जलभराव का स्तर कम होने लगा है।

सिंचाई विभाग का कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में ज्यादा बारिश नहीं हुई। इसका असर नदी-नालों और जलाशयों पर पड़ रहा है। नतीजा यह रहा कि प्रदेश के बड़े बांधों में शामिल गंगरेल, बांगो समेत अन्य मध्यम व छोटे बांधों में जलभराव वर्ष 2023 और 2024 के मुकाबले सबसे कम हुआ है।

## अब प्रदेश के बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

### इन बांधों से छोड़ा जा रहा पानी

प्रदेश के करीब 20 बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिन बड़े बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, उनमें मिनीमाता बांगो, गंगरेल, दुधावा, सिकासार, सोंढूर, कोडार, केलो बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं खरखरा, तांदुला, मनियारी, खुड़िया, गोंदली, कोसारटेडा, परलकोट, छीरपानी और केसवा जलाशयों से पानी छोड़ा गया है। लोरमी क्षेत्र के कई गांवों के लोगों की मांग पर निस्तारी के लिए जल उपलब्ध कराने खुड़िया जलाशय से 200 क्यूसेक पानी नहर व नदी के माध्यम से छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के तालाबों और मनियारी नदी पर निर्मित एनीकट को भरा जाएगा।



### गंगरेल-सोंढूर के पानी से इन क्षेत्रों की बुझेगी प्यास

गंगरेल और सोंढूर बांध से 390 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 16 तालाब भरे जा चुके हैं।गंगरेल से धमतरी के अलावा रायपुर, अभनपुर, गोबरा नयापारा, बलौदाबाजार और पाटन को पेयजल के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। गुरुवार को रूद्री बैरॉज से 3461 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है। कई गांवों के तालाबों में पानी नहीं पहुंचा है। भूजल के गिरते स्तर को देखते हुए प्रशासन ने पानी का सदुपयोग करने की समझाइश दी है। तालाबों तक पानी पहुंचाने नाली दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

प्रदेश में 12 बड़े और 34 मध्यम स्तर के बांध हैं। इन बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव की स्थिति है। वर्तमान में गंगरेल में 44.70 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि 2024 में यह 60.99 फीसदी था, यानी इस बार 16 फीसदी जलभराव कम है। यही स्थिति मिनीमाता बांगो बांध की है, जहां 35.17 फीसदी पानी है। यहां पिछले साल की तुलना में 18 फीसदी जलभराव कम है। मुरुमसिल्ली में पिछले बार की तुलना में इस बार करीब 38 फीसदी जलभराव कम हुआ है। हालांकि वर्ष 2023 की तुलना में इस बार इसकी स्थिति बहुत बेहतर है। वर्ष 2023 में यहां केवल 10.30 फीसदी ही जलभराव था।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर भंडारा गिदवानी ने बांटा प्रसाद

रायपुर। हनुमान जयंती के उपलक्ष में वार्ड नंबर-57 भगवतीचरण शुक्ला वार्ड के अरविंद नगर में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक एवं वार्डवासियों ने शामिल होकर भोग-प्रसाद ग्रहण किया। एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अमर गिदवानी ने प्रसाद वितरित करने में सहयोग दिया।

### कमल वर्मा फिर बने फेडरेशन के संयोजक



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में हुई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में कमल वर्मा को पुनः फेडरेशन का निर्विरोध संयोजक चुना गया। फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी एवं जीआर चंद्रा ने बताया कि आमसभा में कमल वर्मा ने अपने बीते पांच वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। फेडरेशन द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वे सदैव कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए शासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाते रहेंगे।

### नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसो. के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने आलोक



**रायपुर**। नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली के वेंडर लीडर सागर यादव चुने गए। छत्तीसगढ़ में आलोक पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी तथा समाजसेवी अनिल प्रधान की देखरेख में यह चुनाव हुआ। अन्य पदाधिकारियों में राष्ट्रीय महामंत्री अभिषेक, सरदार प्रीतम सिंह, गोपाल सिंग लोदी,साही आदिल, राष्ट्रीय उपमंत्री सतीश गौड़, साथ ही अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए।

### बंगाली नववर्ष पर कार्यक्रम आज

**धमतरी**। बंगाली समाज का शुभ नववर्ष मंगलवार 15 अप्रैल को मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने बताया कि इस वर्ष भी मंगलवार को शाम 7 बजे से तहसील आफिस के पास स्थित कर्मचारी भवन हाल में समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी हिस्सा लेंगे।

## व्यापम ने आयोजित की थी सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा

# व्यापम को अर्जी मिली 37 हजार, आए 15% यूपीएससी का पर्चा दिलाने पहुंच गए 72%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकप्रियता के मामले में संघ लोक सेवा आयोग स्थानीय परीक्षा एजेंसियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल और यूपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। व्यापम की परीक्षा में जहां सिर्फ 15.01 प्रतिशत लोग ही पहुंचे तो वहीं यूपीएससी की परीक्षा में 71.5 प्रतिशत कैंडिडेट्स पहुंचे रहे। व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। मात्र 17 पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई थी। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली।

परीक्षा राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की गई। जिला स्तर पर निगरानी करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। स्थिति यह रही कि कई केंद्रों में परीक्षा कक्ष में 5-6 अभ्यर्थी ही नजर आए। गौरतलब है कि शासन द्वारा भर्ती परीक्षाओं को निशुल्क किए जाने के बाद से ही यह स्थिति निर्मित हो रही है। युवा थोक में आवेदन कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा दिलाने 20 प्रतिशत भी नहीं पहुंच रहे हैं।





- यूपीएससी द्वारा रखी गई थी नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा

### डिफेंस अकेडमी के लिए मिले थे 1731 आवेदन

सेना में ऑफिसर बनने के लिए युवा उत्साहित नजर आए। यूपीएससी ने रविवार को दो परीक्षाएं आयोजित की। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा शामिल रही। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी के लिए रायपुर में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 1731 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 1237 परीक्षा दिलाने पहुंचे, जबकि 496 ही अनुपस्थित रहे। इस तरह से परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत 71.5 प्रतिशत रहा। वहीं कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 424 आवेदन मिले थे। इनमें से 55.4 प्रतिशत अर्थात 235 अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने पहुंचे।

### गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग

यूपीएससी एनडीए परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में किया गया। पहली शिफ्ट में परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक हुई।प्रत्येक शिफ्ट 2 घंटे 30 मिनट अवधि की थी। यूपीएससी एनडीए परीक्षा में गणित के 300 अंकों के 120 प्रश्न और जीएटी में 600 अंकों के 150 प्रश्न थे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के मुताबिक, गणित के सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### व्यापम ने पूछा-गंगा नहाना का मतलब

सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के अंतर्गत पूछे गए कई सवाल अत्यंत रोचक रहे। इसमें अभ्यर्थियों से गंगा नहाने का मतलब पूछा गया। जिसका कोई मूल्य ना आंका जा सके उसे एक शब्द में क्या कहते हैं, कर्क रेखा छग के किस जिले से होकर गुजरती है, छग में धान खरीदी प्रक्रिया का क्रम, परंपरागत ऊर्जा संबंधित योजनाओं का क्रम, छग विधानसभा अध्यक्षों का क्रम, छग की भाटा मिट्टी को क्या कहते हैं, छग के किस वंश के शासकों ने त्रिकलिंगाधिपति की उपाधि धारण की थी सहित राज्य के औद्योगिक क्षेत्र जैसे सवाल पूछे गए।

## कॉलेज छात्रों ने विद्युत सब स्टेशन का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के भौतिक शास्त्र विभाग के तत्वाधान में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष गणित समूह के छात्र- छात्राओं को 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन, फिंगेश्वर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। सब स्टेशन के कनिष्ठ अभियंता जेई ओमेश चंद्राकर द्वारा छात्र-छात्राओं को सबस्टेशन के विभिन्न उपकरणों जैसे ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर के प्रकार, स्टेप अप और स्टेप डाउन ट्रांसफार्मर, इलेक्ट्रो मैगनेटिक इंडक्शन, एचवी यूनिट, एलवी यूनिट, पट्टीनुमा क्रोड, इलेट्रिक सब स्टेशन के प्रकार, 33/11 केवी वितरण सबस्टेशन की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र सोमेश सिन्हा के द्वारा ओवरलोडिंग की समस्या के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सामान्यतः गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग की समस्या होती है, ओवरलोडिंग की समस्या से विद्युत वितरण यूनिट, ट्रांसमिशन यूनिट एवं जनरेशन यूनिट एक साथ प्रभावित होते हैं, लेकिन आज के आधुनिक स्वनियंत्रित सुरक्षा उपकरणों के द्वारा किसी भी प्रकार की ओवरलोडिंग एवं फॉल्ट की स्थिति का त्वरित पता लगाकर समाधान कर लिया जाता है। जो विद्युत आज मनुष्य के दैनिक जीवन के कार्यों को सरल बनाने का अहम हिस्सा है, उसके उत्पादन, संचरण की प्रक्रिया को समझना एवं सबस्टेशन द्वारा उसके निरंतर वितरण की प्रकिया को अपनी आंखों से देखना छात्र छात्रओं के लिए रोचक अनुभव रहा। शैक्षणिक भ्रमण दल में जगदीश सोनकर, सोमेश सिन्हा, चंद्रभूषण,तरूण साहू, देवेंद्र, भविष्य ध्रुव, योगेश साहू, प्रीति निषाद, पार्वती टिकेश्वरी साहू, रूखमनी साहू सहित 15 छात्र - छात्राए शामिल हुए।

## महावीर बजरंग अखाड़ा ने दी नितुल को श्रद्धांजलि

### बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के सदस्य रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नगर को सजाया जा रहा था। इस दौरान आकस्मिक दुर्घटना घट जाने से बजरंग दल के युवा बजरंगी भाई नितुल देवांगन का निधन हो गया। इस दुखद घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति के लोगो को काफी दुख हुआ। इस कारण श्री हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा को रद्द किया गया। स्व नितुल को श्रद्धांजलि अर्पित करने श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति के रूपु जगत, गोविंदा कंसारी,सौरभ जैन सिंटू, रमेश कुमार, जॉकी राम ,हमसिंह पटेल,पांडे सर ,मोहित कंसारी ,ललित पटेल,मेहुल जैन ,विजय यादव, यादराम यादव,अश्वनी साहू ,गोलू कंसारी, भोलू यादव, हर्षित निषाद, लक्ष्मण साहू, रामेश्वर कंसारी, लक्की साहू, दुष्यंत राज, गुड्डा,डिगेशे साहू, मिलेश साहनी, गुड्डा, शिवम कंसारी, कुणाल सेन, राजा ,मोनू कंसारी, हुमन निषाद, अखाड़े के लोग मौजूद थे। इस अवसर पर प्रसादी वितरण किया तथा शाम को दीप प्रज्वलित करके उनकी दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनिट का मौन धारण किया गया।





## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिले के सबसे बड़े शहर राजिम में इस बार श्री हुनमान जी महाराज का प्राकटयोत्सव रविवार को बहुत ही उत्साहपूर्ण वातावरण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नवयुवक,महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई। इस अवसर पर राजिम शहर की ऐतिहासिक सजावट देखते ही बन रही थी। पूरा शहर भगवामय नजर आ रहा था। हर तरफ केसरिया ,तोरण पताके एवं ध्वज लहरा रहा था। खासतौर से शहर का प्रमुख चौक पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक की सजावट काफी अनोखे ढंग से की गई थी जिसकी तारीफ पूरे शहर के लोगो ने किया। बता दें कि भव्य शोभा यात्रा निकलने के पहले प्राचीन भगवान श्रीराम जानकी मंदिर में विधिविधान के साथ पूजा आरती की गई। जिसमें विश्व हिंदु परिषद,बजरंग दल तथा अखाड़े के लोग शामिल थे। पूजा विधान के बाद यह शोभायात्रा बाजे-गाजे, धूम धड़ाके के साथ श्री राजीव लोचन मंदिर मार्ग से होते हुए सुभाष चौक,व्हीआईपी मार्ग,पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक, बस स्टेण्ड ,गरियाबंद मेन रोड से होते हुए महामाया मंदिर से वापस श्रीराम मंदिर पहुंचा। शोभायात्रा में कई हजारो की संख्या में शहरवासी श्रद्धा के साथ शामिल हुए। इस दौरान अखाड़े के युवा एक से बढ़कर एक हैरत अंग्रेज करतब दिखाते रहे। श्री हनुमान प्राकटयोत्सव को सफल बनाने में विश्व हिंदु परिषद और बजरंग दल के युवाओं का शानदार योगदान रहा। खासतौर से मोंटु दुबे,ज्ञानेंद्र सिन्हा, निखिल यादव,तुषार कदम,राजा नगारची,रवि निर्मलकर, लक्की सोनकर , ऋषि तिवारी, दीपक राजपूत, करण सोनकर, अंकित राव, की विशेष भूमिका रही। शोभा यात्रा में विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव, कुलेश्वर साहू, सुनील देवांगन, संजीव साहू,बंधु साहू,दुर्गावाहिनी के प्रीति पांडे,भावना महाड़िक,रेणु सेन, श्रिया वैष्णव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां एवं कई हजारो की संख्या में नगरवासी शामिल रहे।

## राज्यों की कला-संस्कृति में दिखी अनेकता में एकता की भावना

**रायपुर**। राजभवन में केन्द्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश एवं राजस्थान के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी एवं अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि जब हम एक-दूसरे की संस्कृति को समझेंगे, स्वीकार करेंगे और उसका सम्मान करेंगे तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विविधता यहां के खान-पान, पहनावे, परंपराओं, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों में देखी जा सकती है। संस्कृतिक कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम के अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवासरत ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने राज्यों की कला सांस्कृतिक का मनमोहक प्रदर्शन कर अनेकता में एकता की भावना को प्रगट किया ।

## पेज 11 के शेष...

### 2640 पीएम...

नीचे खुले आसमान के नीचे जीवन जीने मजबूर हो रहे है। योजना की शुरूआत 15 जनवरी 2024 को प्रारंभ किया। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमार परिवारो का सर्वे कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से जनजाति आदिवासी महाअभियान योजना अंतर्गत पीएम आवास निर्माण के लिए आवास के लिए गरियाबंद जिले में 05 हजार 280 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें सबसे ज्यादा लाभ गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के कमार परिवारों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के गरियाबद जिला समन्वयक विजय कुमार साहू ने बताया कि गरियाबंद जिले में मैनपुर ब्लॉक में 1031, गरियाबंद 907, छुरा 549 एवं फिंगेश्वर मे 153 कमार जनजाति परिवार को प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिये राशि जारी किया जा चुका है। श्री साहू ने बताया कि जिसमें से 1050 आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, मैनपुर ब्लॉक में 380 गरियाबंद में 292 फिंगे"वर में 110 एंव छुरा में 268 पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास का निर्माण कार्य किया जा चुका है।

### चार दुर्घटनाओं...

गरियाबंद नेशनल हाईवे में मार्ग में तीसरी घटना के रूप में शराब दुकान के सामने दो मोटर सायकल में जबरदस्त भींडत हो गया जिसमें पांच लोग घायल हो गए जिसमें से दो लोगों को जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। इसी तरह सोमवार साप्ताहिक बाजार शाम 6 बजे के आसपास एक मोटर सायकल सवार युवक बिजली खंभा से टकरा गया जो गंभीर रूप से घायल है।

### कारीगर प्रतिभा...

से कुम्हारों द्वारा बनाये गए मिट्टी के दिये एवं शिल्पकारों द्वारा बनाई गई बाँस की टोकरियों, तथा उन पर नन्हें कारीगरों द्वारा की गई सजावट से निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जाता रहा है। प्राप्त आय से न केवल इनकी दीपावली रोशन होती है बल्कि वर्षभर की पढ़ाई का खर्च भी वहन हो जाता है। इस कार्य से छात्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं, जिसके शुभ परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं। अवसर है इन प्रतिभाओं को सम्मानित करने का। कार्यक्रम के सह-आयोजक नीरज शर्मा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में लगभग 125 प्रतिभाएं सम्मानित होने जा रही हैं। यह सम्मान चार क्षेत्रों में प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नन्हें कारीगरों को नवांकुर सम्मान, समाजसेवा में सक्रिय प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों के लिए कर्मवीर सम्मान, इस नवाचार को जन-जन तक पहुंचाने में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले पत्रकारो को कलमवीर सम्मान तथा कारीगर टीम से उत्पाद खरीदकर बच्चों को आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान करने वाले सहयोगियों को दानवीर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करने का अवसर है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।



### पटवारी संघ के गुलशन यदु बने जिला अध्यक्ष

**मैनपुर**। राजस्व पटवारी संघ गरियाबंद जिले बैठक आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष निर्वाचन पर्यवेक्षक दानी ठाकुर की उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें राजस्व पटवारी संघ गरियाबंद जिलाध्यक्ष गुलशन यदु पटवारी मैनपुर विकासखण्ड को चुना गया एवं अन्य कार्यकारणी संरक्षक मनोज खरे, धनेश ध्रुव अध्यक्ष गुलशन यदु, कार्यकारी अध्यक्ष तुलेश कोमर्रा, उपाध्यक्ष उसा किरण साहू, रायसिंह ठाकुर, आशीष चतुर्वेदी, सचिव लव कुमार साहू, सह सचिव खेमराज सेन, लोकेश साहू, कोषाध्यक्ष टकेश्वर वर्मा संगठन मंत्री टीका राम त्रिवेंद्र, शिव कुमार ध्रुव, प्रवक्ता पेनेन्द्र साहू, राकेश ठाकुर मीडिया प्रभारी मनोज कंवर, संयोजक राकेश साहू, ब्रह्मा मरकाम, रंजीता कश्यप कार्यकारिणी सदस्य मनीष पारकर, अजय बघेल, राम कृष्ण सिन्हा, नरेश ध्रुव, सुश्री देवंतीन ध्रुव, अंजलि विभोर, राकेश ठाकुर, सभी तहसील के अध्यक्ष वासुदेव करण मौर्य, कोमल वर्मा, नरेंद्र साहू, ताम्रध्वज दीवान, अश्वनी दीवान, जालंधर भोई, खीरलाल ध्रुव एवं जिले के समस्त पटवारी गणेश दीवान, अभिषेक चतुर्वेदी, टीकम नागेश, सुशील साहू, देवती ध्रुव, रामेश्वरी ठाकुर, निर्मला ध्रुव, मनीषा साहू, टकेश निषाद, मुकेश नेताम, नोहर श्रीवाष, विकास ठाकुर, नीरज दीवान, तेजराम नागेश, संतोष ध्रुव, मीना साहू, ओंकार साहू, प्रमिला खटकर, झामन यादव, निराशा सोरी, नंदलाल ध्रुव एवं पूरे जिलेभर के पटवारी उपस्थित थे। वहीं नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष गुलशन यदु ने कहा कि पटवारी संघ के हित में कार्य किया जायेगा, संगठन को मजबूत किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## खुटेरी में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना

**छुईहा बेलर।** अंचल में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में ग्राम खुटेरी में समूचे ग्राम वासियों के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें प्रभात से हनुमान मंदिर को सजाया गया था। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले ग्रामीणों के द्वारा हनुमान का पूजा, चोला और सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। फ़िर हनुमान आरती उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक डॉ. गयाराम सेन, सेवा निवृत्त शिक्षक आरआर साहू, सिया राम सेन, झामू साहू, चैतु राम निषाद, भुवन साहू, राधेश्याम निषाद, लालजी सेन, मया राम साहू, हरिलाल सेन, हिरामन सेन, बेनी शंकर साहू, ईतवारी यादव, मानसिंह साहू, हरख साहू, विष्णु साहू, कुलदीप निषाद, बिसरू निषाद, लक्ष्मीनारायण सेन और समस्त ग्रामवासियों का सहभागिता रहा।

## रामायण सम्मेलन में शामिल हुई जनपद सदस्य

**महासमुंद।** ग्राम छिलपावन में तीन दिवसीय रामायण कार्यक्रम में जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू शामिल हुई। इस दौरान सरपंच राधेश्याम पटेल, सुनीता पटेल, उपसरपंच संतोष डहरिया, भागीरथी पटेल, कैलाश देवांगन, जोरा पटेल, तरूण संख आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**निधन**

## शिवनंदन श्रीवास



**फिंगेश्वर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भाजपा नेता शिवनंदन श्रीवास का निधन 13 अप्रैल को हो गया जिनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास एवं राजू श्रीवास के पिता थे।

**जयंती : डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के पर समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर किया गया सम्मानित**

# दलितों और गरीबों के अधिकारों के लिए आंबेडकर ने लड़ी थी लड़ाई : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ भारत के संविधान का वाचन कर जल संरक्षण के बारे में दिलाई गई शपथ

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का वर्चुअल उद्बोधन भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, उप संचालक पंचायत के.एस. नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। साथ ही सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अटल पंचायतों डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रति विकासखण्ड के 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के वी एल ई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्यवाही का आदान-प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीणों को नागरिक सुविधा के साथ-साथ बैंकिंग एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का ग्राम पंचायत में निर्धारित दर अथवा निःशुल्क रूप में मिल सके। जिले के 34 ग्राम पंचायतों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जायेगा। विधायक श्री रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए संकल्प दिलाया जाएगा।




### पौधा लगाकर करें संरक्षित

कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा की संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह दिन खास है। क्योकि यह दिन हमें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है। उनका नाम भारत के इतिहास में जन्में कई सारे महापुरूषों से एक बड़ा नाम है। जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीतिक, और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किए है। उन्होंने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बड़े हिमायती थे। उन्होंने बताया कि हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरशंकर कश्यप ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालीमा ठाकुर, नगर पालिका के अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पालिका के उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़कि, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, सहित नगर पालिका के पार्षदगण, सरपंच, समाज प्रमुख मौजूद रहे।

## बाबा आंबेडकर ने दलितों व शोषितों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया : लोकेश्वरी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बहुत ही धुमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम बौद्ध महार समाज द्वारा आयोजित किया गया। नगर सहित क्षेत्र जय भीम के नारों से गुंज उठा। नगर केआंबेडकर चौक पर बाबा साहब के प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, बौद्ध महार समाज के अध्यक्ष ललित डहाटे, खिलेन्द्र कुटारे, शिव त्रिपुडे, खिलेन्द्र कुटारे, अनुज कुटारे, विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का नीला गमछा के साथ फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने दलित शोषित और वंचितों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया उन्होने समाजिक दंश झेलने के बावजूद भी उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज की सेवा और उत्थान में जुड गए। रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि बाबा साहब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से बौद्ध महार समाज के अध्यक्ष ललित डहाटे, सचिव खिलेन्द्र कुटारे, शिव त्रिपुडे, त्रिभुवन वासनिकर, ललित बाम्बोडे, मोहन बाम्बोडे, झुमुक बाम्बोडे, वेदांत बाम्बोडे, अनुज कुटारे, बंटी रामटेके, शंकुलता रामटेके, अश्वनी बाम्बोडे, हसन खान, चन्द्रकला वासनिकर, रूपाली कुटारे, कसिस डाहटे, नुतन डाहटे, सिया बाम्बोडे, केशर बाम्बोडे, रमशीला, श्वेता बाम्बोडे, तिजिया बाई, ईश्वरी बाम्बोडे, हुकुम वासनिक, वर्शा रामटेके, दयाराम यादव सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



## धनेंद्र साहू के कार्यालय संगवारी में बाबा साहेब की मनाई गई जयंती

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के कार्यालय संगवारी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनाया गया। बाबा साहेब के तस्वीर में माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, रामरतन निषाद,अर्जुन साहू ,हेमंत साहनी ,फागू देवांगन ,दीपाली राजपूत,तरुण कंसारी ,रेखा तिवारी ,टिकेश गिलहरे, गुड्डू मिश्रा ,निर्माण यादव ,सत्तार भाई ,नवाब मलिक ,घनश्याम साहू, बीरबल राजपूत ,रामकुमार शर्मा ,प्रवीण ठाकुर ,मानसिंह ध्रुव ,लक्ष्मीनारायण मिश्रा मौजूद थे।

## गोंदलाबाहरा में डॉ. आंबेडकर की मनाई जयंती

**मुड़ागांव(कोरासी)।** सोमवार को ग्राम पंचायत गोंदलाबाहरा (छुरा) में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का पुण्यतिथि ग्रामसभा आहुत कर मनाया गया। सबसे पहले आंबेडकर के छायाचित्र का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। पश्चात ग्रामसभा का आयोजन किया गया। उज्ज्वल नागेश पूर्व सरपंच प्रतिनिधि को सभा का अध्यक्ष बनाया गया और सभा में सरपंच अशोक नागेश, उप सरपंच कैलाश साहू, समस्त पंच, के अलावा हृदयराम साहू, उदयराम साहू, खेमराज निराला, नेतराम एवं ग्रामीण जन उपस्थित होकर आंबेडकर के जीवन चरित्र पर चर्चा की। उपस्थित सभी लोगों ने आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने एवं उनके द्वारा बनाए गए संविधान का पालन करने की शपथ ली।



## डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार : नागेंद्र वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

■ बाबा साहेब की जयंती पर आंगनबाड़ी के बच्चों को मिला उपहार



भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। नवापारा चंपारण चौक में डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। डॉ भीमराव आंबेडकर अमर रहे के जयकारे से चंपारण चौक गूंज उठा। डॉक्टर अंबेडकर के बताए मार्गो का अनुशरण करते हुए मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने एक टीम बनाकर हाथों में झाड़ू लिए शासकीय स्कूल बढ़ाई पारा प्रांगण की सफाई की। आंगनबाड़ी में बच्चों के बीच जाकर आंबेडकर जयंती मनाई गई। डॉ भीमराव अंबेडकर के महान कार्य, आदर्शों एवं विचारों से बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने शांति, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित संविधान की नींव रखी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी में बच्चों को उपहार बांटे गए। पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को अपने बीच पाकर एवं अंबेडकर के विचारों को जानकर आंगनबाड़ी के बच्चे काफी प्रफुल्लित हुए। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता परदेशी राम साहू, सहदेव कंसारी, पूर्व नपा अध्यक्ष दयालु राम गाड़ा, पार्षद लोमेश्वरी साहू, नम्मू ध्रुव, महिला एवं बाल विकास सभापति पूजा कंसारी,,धीरज साहू, योगिता सिन्हा, मयाराम साहू, टिंकू सोनी, मुकुंद मेश्राम,अनस रिजवी, दिनेश टंडन, आशीष गोलछा,राजू यादव, घनश्याम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# हेमंत बने खड़मा भाजपा मण्डल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने खड़मा मण्डल के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए हेमंत सिन्हा सोरिद को भाजपा मण्डल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के इस निर्णय से क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव संगठन मंत्री पवन साय प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर का हेमंत सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ओम प्रकाश तैलिक रत्न से सम्मानित

**छुरा।** साहू समाज विकास मंच द्वारा क्षेत्र के जड़ी बूटियां के माध्यम से हड्डी जोड़ने वाले ओम प्रकाश साहू को साहू समाज द्वारा तैलिक रत्न 2025 प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मंदिर समिति के लाला राम साहू सहित विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# मृतक के परिवार से मिले पूर्व मंत्री धनेंद्र



**नवापारा-राजिम।** स्व नितुल देवांगन, स्व हंसराज कंसारी के दुखी परिजनों से मिलने पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू नवापारा पहुंचे। उन्होने परिवारजनों से मुलाकात कर मृतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े होने की बात कही। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, स्वर्णजीत कौर, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू , हेमंत साहनी, फागू देवांगन, दीपाली राजपूत, तरुण कंसारी, रेखा तिवारी, टिकेश गिलहरे, गुड्डू मिश्रा, निर्माण यादव, सत्तार भाई, नवाब मलिक, घनश्याम साहू, बीरबल राजपूत, रामकुमार शर्मा, प्रवीण ठाकुर, मानसिंह ध्रुव , लक्ष्मीनारायण मिश्रा मौजूद थे।

# इदागांव में प्याऊ घर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



भारत स्काउटस एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला संघ व जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत जिला सचिव रोमन लाल साहू ,आशीष कुमार साहू डीओसी स्काउट, सीमा साहू डीओसी गाइड के मार्गदर्शन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश राम पटेल व विकास खंड सचिव रामप्रसाद साहू के नेतृत्व में विकास खंड स्तरीय प्याऊ घर का शुभारंभ इंदागांव में यात्री प्रतीक्षालय के पास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदागांव के राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित स्काउट गाइड, रोवर रेंजर के सहयोग से गुरवारी बाई ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत इंदागांव, कांति बस्तियां उपाध्यक्ष जिला संघ गरियाबंद द्वारा फीता काट कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के स्काउट गाइड, रोवर रेंजर द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सेवा कार्य सिखाया गया है उसे पालन करते हुए विद्यालय के स्काउट गाइड परिवार के द्वारा प्रत्येक दिवस सेवा कार्य करते हुए राहगीरों को भीषण गर्मी में पानी पिलाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ गरियाबंद के उपाध्यक्ष कांति बस्तियां, गुरवारी बाई ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत इंदागांव, केसरी ध्रुव, पूर्व सरपंच, रामप्रसाद साहू विकास खंड सचिव, लक्ष्मण कुमार साहू व्याख्याता, श्याम सुंदर जायसवाल, रविकांत पटेल, सिलेश कुमार साहू, समित सरकार भारद्वाज रामेश्वर नागेश संकुल समन्वयक, तीज राम यादव, मंगल सिंह दंता, देवी राम जानी आदि विद्यालय के स्काउट एवं गाइड उपस्थित थे।

# जीवन का आधार है श्रीरामचरितमानस : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम कोमा में ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस गान का भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य नंदनी ढीढी, इन्द्रजीत महाड़िक, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, बलराम साहू सरपंच ने किया। पूरे तीन दिन गांव का वातावरण राममय रहा। एक से बढ़कर एक मानस मंडलियां कार्यक्रम में पहुंची और अपनी शानदार प्रस्तुति दी। ग्रामवासी मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिए। समापन अवसर पर महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू अतिथि के रूप में पहुंचे। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

## कोमा है आदर्श और संस्कारवान गांव



समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस जैसे महान ग्रन्थ हमारे जीवन जीने का आधार है। इसके पठन, गायन, चिंतन, अनुकरण के बिना हम अच्छे पारिवारिक जीवन की कल्पना नहीं कर सकते और ऐसे आयोजन प्रत्येक वर्ष हर गांव, शहर में होना चाहिए ताकि हमारे धर्म संस्कृति के बारे में नई पीढ़ी को जानकारी मिले और वो संस्कारवान बने। उन्होंने उपस्थित श्रोताओं की अच्छी संख्या होने पर ग्रामवासियों की तारीफ करते हुए कहा कि यह गांव बहुत ही आदर्श और संस्कारवान गांव है जो ऐसे आयोजन को सफल बनाने पूरे ग्रामवासी हर तरह से अपना योगदान दे रहे हैं। ग्राम विकास के लिए उन्होने 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच बलराम साहू, पारखदास साहू, भोज यादव, माधो तारक, धन्नू साहू, ज्ञाननंद साहू, प्रेमनारायण यादव समेत ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत के सभी लोगो का भरपूर योगदान रहा।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

